


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## Iran War: 24 घंटों में ईरान का पलटवार, अमेरिकी F-15E गिरा

## एक पायलट लापता, बचाव मिशन पर भी हमला




पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच बीते 24 घंटों में अमेरिका को बड़ा झटका लगा है। ईरान ने अमेरिकी F-15E लड़ाकू विमान को मार गिराने का दावा किया है, जिसकी पुष्टि अमेरिकी अधिकारियों ने भी की है। विमान में सवार दो पायलटों में से एक को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि दूसरा अब भी लापता है और दुश्मन क्षेत्र में उसकी तलाश जारी है। इस घटना ने क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ा दिया है। इसी दिन एक अन्य घटना में अमेरिकी A-10 वारथोग अटैक एयरक्राफ्ट कुवैत के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि उसके पायलट ने सुरक्षित इजेक्ट कर लिया और बाद में उसे बचा लिया गया। लगातार दो सैन्य विमानों की घटनाओं ने अमेरिकी वायुसेना के लिए इसे हालिया संघर्ष का सबसे बड़ा झटका बना दिया है। लापता पायलट की खोज के लिए भेजे गए अमेरिकी ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टरों पर भी ईरानी बलों द्वारा गोलाबारी किए जाने की खबर है। हालांकि हेलीकॉप्टर सुरक्षित लौटने में सफल रहे, लेकिन उनके क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई गई है।

उधर, ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने लापता पायलट की जानकारी देने या पकड़वाने वाले को इनाम देने की घोषणा की है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इन घटनाओं का बातचीत पर कोई असर नहीं पड़ेगा और “यह युद्ध है।” घटनाक्रम ने पश्चिम एशिया में हालात को और गंभीर बना दिया है।

## Shashi Tharoor: केरल में काफिले पर हमला



### गनमैन और ड्राइवर से मारपीट

केरल के वांडूर इलाके में कांग्रेस सांसद Shashi Tharoor के काफिले पर कथित हमले का मामला सामने आया है। यह घटना शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे तिरुवाली के पास चेल्लीथोडे क्षेत्र में हुई, जब थरूर कांग्रेस नेता एपी अनिलकुमार के चुनाव प्रचार कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस के अनुसार, जिस स्थान पर यह घटना हुई वह सड़क काफी संकरी है। काफिले के गनमैन ने आगे चल रहे वाहन से साइड देने का अनुरोध किया था, ताकि काफिला आगे बढ़ सके। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। आरोप है कि दो वाहनों में सवार करीब पांच लोगों ने काफिले की गाड़ी रोक ली और गनमैन व ड्राइवर के साथ मारपीट की।

गनमैन रतीश केपी की शिकायत के आधार पर वांडूर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। देर रात एक आरोपी को हिरासत में लिया गया, जबकि अन्य की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## LPG संकट से निपटने की तैयारी: इंडक्शन हीटर

### उत्पादन बढ़ाने पर सरकार का जोर

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच रसोई गैस (LPG) आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं को देखते हुए केंद्र सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था पर काम तेज कर दिया है। सरकार ने कंपनियों को इंडक्शन हीटर और उससे जुड़े बर्तनों का उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, उत्पादन बढ़ाने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन देने की भी योजना पर विचार किया जा रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक में ऊर्जा सचिव, विदेश व्यापार महानिदेशक और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। अधिकारियों ने इस बात पर मंथन किया कि इंडक्शन उपकरणों का उत्पादन तेजी से कैसे बढ़ाया जाए, ताकि बाजार में बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। एलपीजी आपूर्ति में व्यवधान की खबरों के बाद उपभोक्ता तेजी से इंडक्शन हीटर, इलेक्ट्रिक केतली और अन्य विद्युत उपकरणों की ओर रुख कर रहे हैं।



उद्योग सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में इन उत्पादों की बिक्री में कई गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कुछ कंपनियों ने तो 30 गुना तक मांग बढ़ने का दावा किया है। सरकार का उद्देश्य है कि वैकल्पिक साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर उपभोक्ताओं को राहत दी जाए और संभावित गैस संकट के प्रभाव को कम किया जा सके।

## AAP Politics

### आप' के वो बड़े चेहरे जो हुए बागी



आम आदमी पार्टी (AAP) में एक बार फिर अंदरूनी मतभेदों की चर्चा तेज हो गई है। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के सोशल मीडिया पर दिए बयान—“मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझना...”—को पार्टी के भीतर चल रही खींचतान से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर कोई आरोप नहीं लगाया, लेकिन उनके रुख ने सियासी अटकलों को हवा दे दी है। AAP के इतिहास में इससे पहले भी कई बड़े चेहरे पार्टी से अलग हो चुके हैं। प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, शाजिया इल्मी, कुमार विश्वास और कपिल मिश्रा जैसे नेताओं ने समय-समय पर नेतृत्व शैली और आंतरिक लोकतंत्र को लेकर सवाल उठाए। अब देखना होगा कि राघव चड्ढा का मामला महज चर्चा तक सीमित रहता है या पार्टी की राजनीति में कोई नया मोड़ लाता है।

## MSME

### युद्ध प्रभावित क्षेत्रों को ₹2.5 लाख करोड़ तक की कर्ज गारंटी की तैयारी




पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के असर को देखते हुए केंद्र सरकार प्रभावित क्षेत्रों के लिए 2 से 2.5 लाख करोड़ रुपये तक की कर्ज गारंटी योजना लाने की तैयारी में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह योजना कोविड काल की आपातकालीन कर्ज गारंटी योजना (ECLGS) के मॉडल पर आधारित होगी और इसका उद्देश्य कंपनियों, खासकर एमएसएमई और निर्यातकों, को आसान ऋण उपलब्ध कराना है ताकि आपूर्ति शृंखला में रुकावट, कच्चे माल की बढ़ती कीमत और लॉजिस्टिक लागत के दबाव से राहत मिल सके।सूत्रों के अनुसार, वित्तीय सेवा विभाग इस प्रस्ताव पर काम कर रहा है और अगले 15 दिनों में आधिकारिक घोषणा संभव है। योजना के तहत सरकार की गारंटी पर बैंकों द्वारा कर्ज दिया जाएगा, जिससे नकदी संकट झेल रही इकाइयों को कारोबार जारी रखने और कर्मचारियों को समय पर वेतन देने में मदद मिलेगी।

# Aaj Ka Rashifal 4 April:

## इन 4 राशि वालों को नौकरी-परीक्षा में मिलेंगे अच्छे परिणाम, व्यापार में भी होगा लाभ

आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 4 अप्रैल 2026 का राशिफल।आज 4 अप्रैल को चंद्रमा शुक्र की राशि तुला में रहेंगे। उनके यहां होने से 12 राशियों को शुभ-अशुभ फलों की प्राप्ति हो सकती हैं। इस दौरान दिन कुछ राशियों के लिए सामान्य, तो किसी को विशेष लाभ प्रदान कर सकता है। ऐसे में आइए आज के मेष से मीन तक के राशिफल को जानते हैं।



### मेष

आज का दिन आपके जीवन में कुछ ऐसा लेकर आ रहा है, जो आपको भीतर से उत्साहित कर देगा। जैसे किस्मत अचानक नया मोड़ लेने जा रही हो। बड़े बदलाव आपके दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं और आप उन्हें महसूस भी कर रहे हैं। अगर आप सिंगल हैं, तो आज दिल की दुनिया में खुशखबरी मिल सकती है। प्यार का रिश्ता परिवार की मंजूरी तक पहुंच सकता है। व्यवसाय में सही दिशा और मार्गदर्शन मिलने से आपकी आमदनी बढ़ने के संकेत हैं। जो काम लंबे समय से रुका हुआ था, उसे पूरा करने की कोशिश आज रंग ला सकती है। वहीं संतान पढ़ाई के लिए घर से दूर जाने का मन बना सकती है, जिससे भावनाएं थोड़ी गहरी हो सकती हैं।

### वृषभ

आज का दिन आपको राहत और स्थिरता का एहसास कराएगा, खासकर सरकारी कामों में सफलता मिलने से मन हल्का रहेगा। बड़े-बुजुर्गों का साथ और आशीर्वाद आपको सही दिशा दिखाएगा। आय के नए रास्ते खुलते नजर आएंगे और आप परिवार के साथ बैठकर भविष्य की योजनाओं पर गंभीरता से चर्चा करेंगे। पुराने झगड़े या मनमुटाव आज खत्म हो सकते हैं, जिससे रिश्तों में मिठास लौटेगी। लेकिन भीड़भाड़ वाली जगहों से दूरी बनाना ही बेहतर रहेगा, क्योंकि छोटी सी असावधानी परेशानी बढ़ा सकती है। वाहन से जुड़ी कोई अचानक समस्या आपके दिन को थोड़ा उलझा सकती है।

### मिथुन

आज का दिन आपके कामकाज में नई ऊर्जा और उत्साह भरने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों को पहचान मिलेगी और पारिवारिक रिश्ते भी पहले से ज्यादा मजबूत नजर आएंगे। हालांकि, कोई छोटी सी शारीरिक परेशानी आपको मानसिक रूप से थोड़ा परेशान कर सकती है। ऐसे में खुद का ध्यान रखना जरूरी होगा। दिन के बीच में आप बच्चों के साथ हंसी-मजाक और मस्ती में समय बिताएंगे, जिससे मन हल्का होगा। अपने शौक पूरे करने के लिए आप कुछ खरीदारी भी कर सकते हैं। जीवनसाथी का साथ आज आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा और आपके मन का बोझ हल्का करेगा।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए नई संभावनाओं का द्वार खोल सकता है, खासकर अगर आप प्रॉपर्टी खरीदने की सोच रहे हैं तो समय अनुकूल है। आपकी प्रतिष्ठा और सम्मान में वृद्धि होगी, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। जो लोग रोजगार की तलाश में भटक रहे थे, उन्हें आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है। दोस्तों के साथ बातचीत करते समय शब्दों का चयन सोच-समझकर करें, क्योंकि एक गलत बात रिश्तों में दूरी ला सकती है। प्रॉपर्टी से जुड़ी कोई बड़ी डील आज फाइनल हो सकती है। मन धार्मिक कार्यों की ओर आकर्षित रहेगा, हालांकि किसी अजनबी से मिली खबर थोड़ी निराश कर सकती है।

### सिंह

आज आपका व्यक्तित्व और आपके विचार लोगों को प्रभावित करेंगे। आपके सुझावों को महत्व मिलेगा और आप परिवार के मामलों को समझदारी से सुलझाने में सफल रहेंगे। हालांकि, कुछ विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना जरूरी होगा। संतान के करियर को लेकर आपकी चिंता बढ़ सकती है और आप इस दिशा में गंभीरता से सोचेंगे। मन थोड़ा अस्थिर रह सकता है, इसलिए बोलते समय संयम रखें। माता-पिता का आशीर्वाद आपके रुके हुए कामों को पूरा कराने में मदद करेगा और विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के रास्ते खुलते नजर आएंगे।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए समृद्धि और सफलता का संदेश लेकर आया है। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलने के पूरे योग बन रहे हैं। भाग्य आपका पूरा साथ देगा और आपके प्रयासों को सही दिशा मिलेगी। पैतृक संपत्ति से जुड़ी कोई खुशखबरी आपके मन को प्रसन्न कर सकती है। अविवाहित लोगों के जीवन में कोई खास व्यक्ति दस्तक दे सकता है। हालांकि, कोई पुरानी समस्या फिर से उभर सकती है, जो थोड़ी चिंता बढ़ाएगी। ऐसे समय में भाई-बहनों का सहयोग आपको संभालने में मदद करेगा।

### तुला

आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा, लेकिन एक साथ कई काम सामने आने से आपका ध्यान थोड़ा बिखर सकता है। ऐसे में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। अगर आप किसी से लेन-देन कर रहे हैं, तो हर चीज़ को लिखित रूप में रखना ही समझदारी होगी, वरना बाद में परेशानी हो सकती है। पुराने दोस्त की यादें आज मन को भावुक कर सकती हैं। धन से जुड़ा कोई रुका हुआ काम पूरा होने की संभावना है, जिससे राहत मिलेगी। साथ ही, आपके भीतर कुछ नया करने की चाह जागेगी, जो आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

### वृश्चिक

आज आपको सबसे पहले अपनी सेहत को प्राथमिकता देनी होगी, क्योंकि छोटी सी लापरवाही भी परेशानी बढ़ा सकती है। संतान की ओर से कोई अच्छी खबर आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। परिवार के साथ बिताया गया समय आपको मानसिक शांति देगा। जीवनसाथी का साथ हर कदम पर आपको मजबूती देगा और आपके कामों में सहयोग करेगा। किसी पुरानी गलती से आज आपको सीख लेने का मौका मिलेगा। भगवान की भक्ति में मन लगेगा और व्यापार की स्थिति पहले से बेहतर होती नजर आएगी।

### धनु

आज का दिन आपको अपने कामों में बदलाव लाने के लिए प्रेरित करेगा। अगर आपका पैसा कहीं अटका हुआ था, तो उसके वापस मिलने के संकेत हैं, जिससे मन हल्का होगा। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर हल्की नाराजगी हो सकती है, लेकिन बातचीत से हर समस्या का समाधान निकल सकता है। वाहन चलाते समय सावधानी रखना जरूरी होगा। आपके भीतर कुछ नया करने की चाह जागेगी और यही ऊर्जा आपको आगे बढ़ाएगी। अपनी सेहत को नजरअंदाज करना आज भारी पड़ सकता है, इसलिए सतर्क रहें।

### मकर

आज का दिन आपको राहत देने वाला है, जैसे धीरे-धीरे समस्याएं पीछे छूट रही हों। हालांकि माता-पिता की सेहत को लेकर आपको सजग रहना होगा। संतान के कहने पर कोई बड़ा निवेश करने से पहले कई बार सोचें, क्योंकि जल्दबाजी नुकसान दे सकती है। बिजनेस में आपको हर कदम पर सतर्क रहना होगा, क्योंकि कोई आपको धोखा देने की कोशिश कर सकता है। मां के साथ किसी बात को लेकर बहस हो सकती है, इसलिए संयम बनाए रखना जरूरी होगा।

### कुंभ

आज का दिन थोड़ा तनाव भरा रह सकता है, लेकिन अगर आप अपनी मेहनत पर भरोसा रखते हैं, तो हालात धीरे-धीरे आपके पक्ष में आते नजर आएंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गति को संतुलित रखना होगा, क्योंकि जल्दबाजी में किए गए काम से परेशानी बढ़ सकती है। पिताजी से काम को लेकर कोई महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है। बॉस आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम सौंप सकते हैं, जिसमें आपको नियमों का पूरा पालन करना होगा। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने से आपके चेहरे पर सुकून और संतोष दिखाई देगा।

### मीन

आज का दिन खर्चों से भरा रह सकता है, इसलिए आपको अपनी आय और व्यय के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी का साथ आपको मानसिक शांति देगा। किसी अजनबी पर भरोसा करना आज आपके लिए नुकसानदेह हो सकता है, इसलिए सतर्क रहें। आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें पार्टनरशिप आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। दोस्त की मदद के लिए आप आगे आएंगे, लेकिन ध्यान रखें कि कोई सहयोगी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश भी कर सकता है।

# यूपी: प्रदेश के मौसम में आज से होगा यू-टर्न, हवाओं के साथ होगी बारिश

## इन जिलों में ओले गिरने की चेतावनी जारी



यूपी में मौसम एक बार फिर से बदलने जा रहा है। विक्षोभ की वजह से प्रदेश के कई जिलों में आज बारिश हो सकती है। कुछ जिलों में ओले भी गिर सकते हैं।उत्तर प्रदेश में सक्रिय हुए नए विक्षोभ के असर से शुक्रवार को पश्चिमी यूपी के नोएडा, गाजियाबाद और सहारनपुर में तेज हवाओं, गरज-चमक और हल्की बारिश दर्ज की गई, जिससे अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई।मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार तक इसका प्रभाव मध्यांचल और पूर्वांचल तक पहुंच जाएगा। प्रदेश के करीब 35 जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है।शुक्रवार को वाराणसी और सुल्तानपुर 38.6 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहे। बलिया में 38.5 डिग्री और बांदा में 38.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि दक्षिणी अफगानिस्तान और आसपास के पाकिस्तान क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर अब उत्तर प्रदेश में दिखने लगा है। इसके चलते पश्चिमी यूपी, मध्यांचल और बुंदेलखंड के कई हिस्सों में तेज झोंकेदार हवाएं चलेंगी और मौसम में बदलाव जारी रहेगा।अमेठी, औरैया, अयोध्या, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, चित्रकूट, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गोंडा, हमीरपुर, हरदोई, जातीन, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशांबी, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, उन्नाव में ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है।



# UP: स्मार्ट मीटर की 'सुस्त' तकनीक,

## बिल जमा करने के बाद भी घंटों नहीं शुरू हो रही आपूर्ति; जानें नई व्यवस्था



स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था में तकनीकी खामियों और सर्वर लोड के कारण उपभोक्ताओं को बिल भुगतान के बाद भी बिजली आपूर्ति में देरी झेलनी पड़ रही है। जागरूकता की कमी और सिस्टम फेल होने से समस्या बढ़ी है, जिससे उपभोक्ता और कर्मचारी दोनों परेशान हैं।उन्नाव निवासी शिव प्रकाश तिवारी का कनेक्शन निगेटिव बैलेंस में कट गया। वह तत्काल बिल जमा किए। आपूर्ति 24 घंटे बाद शुरू हुई। कुछ ऐसा ही लखनऊ के भतोईया निवासी अजयवीर सिंह के साथ हुआ।700 रुपये के बकाये में कनेक्शन कट गया। बिल जमा किया। चार घंटे बाद बिजली आई। शिव प्रकाश और अजयवीर तो उदाहरण हैं। यह हाल पूरे प्रदेश का है। प्रदेश में 13 मार्च से शुरू नई व्यवस्था लागू हुई है। 78 लाख उपभोक्ताओं में 70.50 लाख के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा है। यह आटोमैटिक मोड में हैं। बैलेंस निगेटिव होते ही आपूर्ति बंद हो जाती है।बिल जमा होने पर दो घंटे के अंदर आपूर्ति चालू होने का दावा है, जबकि हकीकत एकदम अलग है। बिजली जमा करने के बाद भी उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इससे उपभोक्ता परेशान हैं। वे बिजली कार्यालयों पर हंगामा कर रहे हैं। निगमों के अवर अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता तक परेशान हैं। उनका दर्द निगमों के आंतरिक ह्वाट्सअप ग्रुप में भी दिख रहा है। अभियंता उपभोक्ताओं की रसीदें ग्रुप में डालते हैं और हालात बताते हैं। वे आपूर्ति शुरू कराने की गुहार लगाते हैं। क्योंकि कनेक्शन जोड़ना उनके हाथ में नहीं है। यह आटोमैटिक है। मैनुअल कार्य प्रदेशभर में बने 10 मीटर डाटा मैनेजमेंट सेंटर से होता है। अभियंता ग्रूप के जरिए इस सेंटर से गुहार लगाते हैं।ऊर्जा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि परेशानी की वजह तकनीक भी है। सर्वर पर लोड अधिक है। उपभोक्ताओं तक बैलेंस का मैसेज पहुंचता नहीं है अथवा वे देखते नही हैं। कनेक्शन कटते पर सचेत होते हैं। कनेक्शन जोड़ने का दबाव बढ़ता है

# नी देओल और इमरान हाशमी की होगी बॉक्स ऑफिस पर टक्कर



अभिनेता इमरान हाशमी फिल्म 'आवारापन 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। यूं तो यह फिल्म 03 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, मगर कुछ कारणों से ऐसा हो न सका और अब कहा जा रहा है कि यह फिल्म इस साल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रिलीज हो सकती है। ऐसी स्थिति में सनी देओल की फिल्म 'लाहौर 1947' से इसकी टक्कर होने की संभावना बन रही है। इमरान हाशमी की फिल्म की शूटिंग का कुछ काम अभी बाकी बताया जा रहा है, जो अप्रैल के आखिर तक पूरा होगा। मेकर्स ने रिलीज डेट पर विचार कर लिया है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान हाशमी की 'आवारापन 2' इस साल स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज हो सकती है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से फिलहाल रिलीज को लेकर आधिकारिक रूप से कोई पुष्टि नहीं की गई है। बता दें कि फिल्म में इमरान हाशमी के साथ दिशा पाटनी नजर आएंगी। फिल्म 'आवारापन 2' का पहला पार्ट साल 2007 में रिलीज हुआ था। इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन 2' अगर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रिलीज होती है तो इसका टकराव सनी देओल की 'लाहौर 1947' से होगा। इसमें सनी देओल के साथ प्रीति जिंटा नजर आएंगी। 'लाहौर 1947' को आमिर खान प्रोड्यूस कर रहे हैं। राजकुमार संतोषी ने इसके निर्देशन की कमान संभाली है। शबाना आजमी भी फिल्म में अ हम भूमिका में नजर आएंगी।इसमें सनी देओल के साथ प्रीति जिंटा नजर आएंगी। 'लाहौर 1947' को आमिर खान प्रोड्यूस कर रहे हैं

# साकिब सलीम ने कैसे
## किया 7 किलो वजन कम एक महीने में



सीरीज 'कप्तान' में साकिब सलीम ने एक पुलिस ऑफिसर का रोल निभाया है। इस रोल के लिए उन्होंने अपने लुक में जबरदस्त बदलाव किया है। अपने किरदार के लिए जरूरी फिजिक पाने के लिए लगभग 6-7 किलो वजन कम किया है। ऐसा उन्होंने लगभग एक महीने में करके दिखाया। साकिब सलीम ने एएनआई बातचीत में बताया, 'मुझे बहुत ज्यादा वजन कम करना पड़ा। इससे पहले मैं जो काम कर रहा था, उसमें मुझे ज्यादा फिट दिखने की जरूरत नहीं थी। लेकिन इस सीरीज में मुझे यूनिफॉर्म पहननी थी, वह भी एकदम फिट। इसलिए मैंने वर्कआउट करना शुरू किया। यह एक सफर था। मैंने बहुत मेहनत की। मैंने खूब वर्कआउट किया। 45 दिनों में लगभग 6-7 कम किया।'

# स्मिता पाटिल की आखिरी इच्छा सुन रो पड़े थे मेकअप आर्टिस्ट



दिग्गज अदाकारा स्मिता पाटिल का निधन 13 दिसंबर 1986 को महज 31 साल की उम्र में बच्चे के जन्म के बाद हुई जटिलताओं की वजह से हो गया था। मंडी, अर्थ और अर्ध सत्य जैसी शानदार फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से स्मिता पाटिल ने हिंदी सिनेमा में एक खास जगह बनाई। अब हाल ही में उनके मेकअप आर्टिस्ट दीपक सावंत का एक इंटरव्यू चर्चा में है, जिसमें उन्होंने स्मिता की एक बेहद इमोशनल कर देने वाली इच्छा के बारे में बताया। दीपक सावंत ने कहा कि स्मिता अक्सर कहती थीं- 'मुझे सुहागन बनाकर ही ले जाना।' वो ये बात अपनी मां से भी कहती थीं, और घरवाले उन्हें ऐसा बोलने पर डांटते थे। उन्होंने उस दर्दनाक पल को याद करते हुए बताया कि स्मिता के निधन के बाद उनकी बहन विदेश से आने वाली थीं, इसलिए 2-3 दिनों तक उनका पार्थिव शरीर बर्फ पर रखा गया था, जिससे वह सूज गया था। उसी दौरान उनकी मां ने सबके सामने, जहां अमिताभ बच्चन समेत कई लोग मौजूद थे, दीपक को मेकअप किट देते हुए कहा कि उनकी आखिरी इच्छा थी कि उन्हें सुहागन की तरह विदा किया जाए। ये सुनकर दीपक सावंत रो पड़े और आंसुओं के बीच उन्होंने स्मिता का आखिरी मेकअप किया,खूबसूरत तरीके से सजाया।एक दशक के करियर में स्मिता ने 80 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्मों में काम किया।

# रवि किशन ने की सलमान
## की जमकर तारीफ जिम के दिनों को किया याद



'तेरे नाम' फिल्म के करीब 20 साल बाद भी रवि किशन, सलमान खान की तारीफ करते नहीं थकते। फिल्म में साथ काम करने के अलावा दोनों ने जिम में भी साथ वक्त बिताया है, और यही वजह है कि रवि किशन का उनके लिए सम्मान समय के साथ और बढ़ता गया है।हाल ही में एएनआई से बातचीत में रवि किशन ने कहा, 'सलमान खान बहुत ही प्यारे और मदद करने वाले इंसान हैं। वो मेरे अच्छे दोस्त हैं और हमारा रिश्ता बहुत पुराना है। मैं उनके बारे में सिर्फ अच्छी बातें ही कहूंगा। लोग क्या कहते हैं या क्या कहेंगे, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।'रवि किशन ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि वे दोनों बांद्रा के एक जिम में साथ वर्कआउट किया करते थे।कहा, 'हम एक जिम में जाते थे,मैं उन्हें अक्सर पुल-अप्स करते देखता था। उनकी फिटनेस कमाल की थी।'उन्होंने बताया दोनों के बीच ह्यूमर का कनेक्शन भी काफी अच्छा है और वो खुद सलमान खान के बहुत बड़े फैन हैं।

# नीता अंबानी कल्चरल सेंटर की तीसरी वर्षगांठ पर पहुंचे सितारे



मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी ने मुंबई में कुछ साल पहले कल्चरल सेंटर की नींव डाली थी। इस जगह पर देश भर के कल्चरल इवेंट होते हैं। आज नीता अंबानी कल्चरल सेंटर की तीसरी वर्षगांठ थी। इस मौके पर एक खास इवेंट मुंबई में रखा गया। इसमें सलमान खान से लेकर कई बॉलीवुड सितारे भी पहुंचे हैं।शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे अपनी पत्नी के साथ नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर की तीसरी वर्षगांठ के कार्यक्रम में पहुंचे। नीता अंबानी ने उनका स्वागत किया।इस इवेंट में सलमान खान का स्टाइलिश अंदाज देखने को मिला।

# वाराणसी' के लिए शूटिंग पर जाती दिखीं प्रियंका चोपड़ा दिखाई हैदराबाद की सुबह



ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इंस्टाग्राम पर उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो के कैप्शन को देखकर लगता है कि वह हैदराबाद में हैं। अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह यहां फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। इस बीच प्रियंका ने काम पर जाते समय अपनी सुबह की दिनचर्या की एक झलक दिखाई है।प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह अपनी त्वचा को हाइड्रेटिंग फेस मास्क और एक मशीन की मदद से तैयार कर रही हैं। अभिनेत्री को यह कहते हुए सुना जा सकता है 'गुड मॉर्निंग। काम पर जा रही हूं। स्किन की तैयारी। एक खूबसूरत दिन। एक खूबसूरत शीट मास्क। आपकी सुबह की दिनचर्या क्या है? वीडियो पर उन्होंने मॉर्निंग रूटीन और हैदराबाद टैग किया है।वाराणसी' में महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।इस फिल्म की कहानी कई अलग-अलग समय-कालों और महाद्वीपों तक फैली हुई है।फिल्म की शूटिंग हैदराबाद, ओडिशा और केन्या में हो रही है। 1000 से 1300 करोड़ रुपये के बजट के साथ, यह अब तक सबसे महंगी भारतीय फिल्मों में से एक बनने जा रही है। 'वाराणसी' अप्रैल 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# MSME:

## युद्ध प्रभावित क्षेत्रों को 2.5 लाख करोड़ तक की कर्ज गारंटी सरकार जल्द कर सकती है योजना की घोषणा




### एमएसएमई और निर्यात क्षेत्र के लिए बड़ी राहत

सूत्रों ने कहा, ईरान युद्ध का सीधा असर लघु, सूक्ष्म एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई)और निर्यात पर पड़ा है। निर्यात से जुड़े क्षेत्र आवाजाही में रुकावट और बढ़ते मालभाड़े की वजह से दबाव में हैं। एमएसएमई क्षेत्र भी इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जो ब्याज दरों के प्रति काफी संवेदनशील होते हैं और जिनकी कार्यप्रणाली स्थिर नकदी प्रवाह पर निर्भर करती है। सरकार की नई कर्ज गारंटी योजना से छोटे उद्यमों को अपना व्यापार बचाने और कर्मचारियों का समय पर वेतन देने में मदद मिलेगी। कोविड काल के दौरान शुरू की गई आपातकालीन कर्ज गारंटी योजना ने लाखों कर्जदारों की मदद की थी और महामारी के दौरान खासतौर पर एमएसएमई क्षेत्र को स्थिर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी। ईसीएलजीएस के तहत अब तक 1.19 करोड़ लाभार्थियों को 3.62 लाख करोड़ रुपये की कर्ज गारंटी दी जा चुकी है। एमएसएमई क्षेत्र इसका सबसे बड़ा लाभार्थी रहा।

केंद्र सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों को राहत देने के लिए नई कर्ज गारंटी योजना लाने की तैयारी कर रही है। इस योजना का मकसद खासतौर पर उन कंपनियों को आसानी से कर्ज उपलब्ध कराना है, जो आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों के साथ कच्चे माल और लॉजिस्टिक खर्च की बढ़ती लागत से परेशान हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नई योजना के तहत सरकार दो से 2.5 लाख करोड़ रुपये तक की कर्ज गारंटी दे सकती है। यह कोविड महामारी के दौरान शुरू की गई आपातकालीन कर्ज गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के मॉडल पर आधारित होगी। वित्तीय सेवा विभाग इस योजना पर काम रहा है। माना जा रहा है कि सरकार अगले 15 दिनों के भीतर इसकी आधिकारिक घोषणा कर सकती है। निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी के मुताबिक, 31 मार्च तक के रुझानों के आधार पर यह स्पष्ट है कि कई चुनौतियों के बावजूद निर्यात में गिरावट नहीं आई

# Tata Trusts:

## मेहली मिस्त्री ने बाई हीराबाई ट्रस्ट में वेणु व विजय की नियुक्ति को दी चुनौती, जानिए सबकुछ



टाटा समूह से जुड़े ट्रस्ट्स के प्रशासनिक ढांचे में एक बार फिर बड़ा विवाद सामने आया है। टाटा समूह के तीन प्रमुख ट्रस्टों के पूर्व ट्रस्टी मेहली मिस्त्री ने 'बाई हीराबाई जमशेदजी टाटा नवसारी चैरिटेबल इंस्टीट्यूशन' में वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह की बतौर ट्रस्टी नियुक्ति और उनके निरंतर प्रतिनिधित्व पर औपचारिक रूप से कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। शुक्रवार को मिस्त्री ने महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर के समक्ष एक आवेदन देकर कहा है ये दोनों व्यक्ति ट्रस्टी बनने के योग्य नहीं हैं और इनकी नियुक्ति 1923 की ट्रस्ट डीड का साफ-साफ उल्लंघन है। मिस्त्री ने महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर से इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए विस्तृत जांच शुरू करने की मांग की है। उन्होंने यह भी अनुरोध किया है कि सभी ट्रस्टियों को अपनी धर्म और निवास संबंधी पात्रता की पुष्टि करने वाले हलफनामे जमा करने का निर्देश दिया जाए। मिस्त्री का आरोप है कि इन अयोग्य व्यक्तियों की नियुक्ति धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात है,

### नियुक्ति पर सवाल और ट्रस्ट डीड के नियम

टीवीएस मोटर के एमेरिटस चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन और पूर्व आईएएस अधिकारी विजय सिंह वर्तमान में इस ट्रस्ट में उपाध्यक्ष की भूमिका में हैं। मेहली मिस्त्री का तर्क है कि डीड के क्लॉज 6 और 18 के अनुसार, कोई भी अयोग्य ट्रस्टी 'मृत माना जाना चाहिए'। मिस्त्री का मुख्य दावा यह है कि श्रीनिवासन और सिंह पारसी जोरास्ट्रियन धर्म के अनुयायी नहीं हैं और उनका मुंबई में कोई स्थायी निवास नहीं है। ट्रस्ट डीड के अनुसार ये दोनों ही योग्यताएं ट्रस्टी बनने के लिए अनिवार्य हैं, और ऐसा न होने पर वे स्वतः ही अयोग्य माने जाएंगे। फरवरी 2026 में, टाटा एजुकेशन एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट (टीईडीटी) में रहते हुए भी मिस्त्री ने ट्रस्ट्स में 'उपाध्यक्ष' के पद को समाप्त करने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि ट्रस्ट डीड में ऐसे किसी पद का कोई प्रावधान नहीं है। प्रशासनिक बदलाव और कड़े अनुपालन नियम लागू होने की संभावना है।

# Gold-Silver Price

## पश्चिम एशिया तनाव के बीच सोना-चांदी में उछाल कीमतों में तीन फीसदी से ज्यादा की तेजी



**Gold Silver Rates Today:** पश्चिम एशिया तनाव में नरमी की उम्मीदों के बीच मंगलवार को सोना-चांदी की कीमतों में तेजी आई, जिसमें दोनों धातुओं ने 3% से ज्यादा उछाल दर्ज किया। कॉमेक्स पर सोना 4,618 डॉलर प्रति औंस और चांदी 73.2 डॉलर तक पहुंच गई। Sone Chandi ka Aaj ka Rate: वैश्विक बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में बढ़त दर्ज की गई है। इस तेजी को पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों का समर्थन मिला। इसके बावजूद, सोना इस महीने 17 साल की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज करने की राह पर है। इसकी बड़ी वजह बढ़ती ऊर्जा कीमतें हैं, जिन्होंने महंगाई को बढ़ाया है और इस साल अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं को कमजोर कर दिया है। आज सोना और चांदी दोनों ही हरे निशान में कारोबार करते नजर आए। दोनों धातुओं में 3% से अधिक की तेजी दर्ज की गई। कॉमेक्स पर सोना करीब 1.25% बढ़कर 4,618 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि पिछले सत्र में इसमें 0.4% की बढ़त देखी गई थी। वहीं, एशियाई कारोबार के दौरान कॉमेक्स चांदी 3.7% उछलकर 73.2 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। कीमतों में इस उछाल के पीछे कई अहम वजहें हैं। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने महंगाई को लेकर चिंता बढ़ा दी है, जिससे बाजार में यह धारणा मजबूत हुई है कि फेडरल रिजर्व भविष्य में दरों में कटौती के बजाय उन्हें ऊंचा रख सकता है या बढ़ा भी सकता है। हालांकि, फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कहा कि मौजूदा स्थिति में केंद्रीय बैंक की नीति इंतजार और निगरानी की है और दीर्घकालिक महंगाई की उम्मीदें अब भी नियंत्रण में हैं। इसके अलावा, बाजार में डिप बाइंग का ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है। मिडिल ईस्ट संघर्ष शुरू होने के बाद आई गिरावट का फायदा उठाते हुए निवेशक सोने में खरीदारी कर रहे हैं

# West Asia:

## पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत को रूस का साथ कच्चे तेल और एलएनजी की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश



वैश्विक ऊर्जा बाजार में पश्चिम एशिया संकट के कारण भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। ईरान की आरे से फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग ब्लॉक कर दिए जाने से वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में तेज उछाल आया है। इस रास्ते से दुनिया के कुल कच्चे तेल और एलएनजी व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। चूंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर पश्चिम एशिया पर निर्भर रहा है, इसलिए इस संकट का सीधा असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ रहा है। इस चुनौतीपूर्ण समय में रूस ने एक रणनीतिक कदम उठाते हुए भारत को कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की है। रूस के प्रथम उप प्रधान मंत्री डेनिस मंटुरोव ने नई दिल्ली के अपने दौरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इसके अलावा, उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ भी ऊर्जा सहयोग पर विस्तृत चर्चा की। आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित रखने की दिशा में एक अहम रणनीतिक राहत साबित होगी।

# IPL 2026: श्रेयस की बड़ी चूक! BCCI ने क्यों ठोका 24 लाख का जुर्माना? इम्पैक्ट प्लेयर समेत पूरी टीम को मिली सजा

श्रेयस को लगातार दूसरी बार स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया। इससे पहले मंगलवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ भी पंजाब के कप्तान पर स्लो ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा था।पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर लगातार दूसरे मैच में गलती करते हुए पाए गए हैं और उनपर बीसीसीआई का चाबुक चला है। पंजाब की टीम ने भले ही शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपना मैच जीत लिया हो, लेकिन कप्तान श्रेयस समेत पूरी टीम पर बीसीसीआई ने जुर्माना लगाया है। श्रेयस को लगातार दूसरी बार स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया। इससे पहले मंगलवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ भी पंजाब के कप्तान पर स्लो ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा था। दरअसल, चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पंजाब ने चेन्नई को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत जरूर दर्ज की, लेकिन टीम के








कप्तान श्रेयस एक बार फिर विवादों में घिर गए। चेन्नई की पारी के दौरान श्रेयस की कप्तानी में पंजाब किंग्स की टीम निर्धारित समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाई। यह इस सीजन में उनका दूसरा स्लो ओवर-रेट का मामला था। लगातार दूसरी गलती के चलते इस बार सजा और सख्त हो गई।मैच के बाद आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मैच नंबर सात में स्लो ओवर रेट बनाए रखा। यह इस सीजन में उनकी टीम का दूसरा अपराध है, जो आईपीएल के आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत आता है, जो न्यूनतम ओवर-रेट से संबंधित है। इसके चलते श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों, जिसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है, पर छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना लगाया गया है।नियमों के मुताबिक, श्रेयस और उनकी टीम पंजाब से अगर इस सीजन में तीसरी बार में स्लो ओवर रेट हुआ, तो कप्तान पर 30 लाख रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं, इम्पैक्ट प्लेयर समेत प्लेइंग इलेवन के अन्य खिलाड़ियों पर 12-12 लाख रुपए या मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा। कप्तान पर बैन का प्रावधान हटा दिया गया है।

# IPL 2026: क्या दक्षिण अफ्रीका की टीम में वापसी करेंगे हेनरिक क्लासेन

## खुद ही दिया जवाब; बताया- क्यों बनाई दूरी

हेनरिक क्लासेन ने साफ कर दिया है कि वह दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी नहीं करेंगे। परिवार और निजी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह फैसला लिया है, हालांकि एक समय वह वापसी के बारे में सोच रहे थे।हेनरिक क्लासेन को लेकर एक बार फिर यह सवाल उठने लगा था कि क्या वह दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे, लेकिन इस पर अब खुद खिलाड़ी ने ही पूरी तरह विराम लगा दिया है। दरअसल, क्लासेन ने साफ कर दिया है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी नहीं करने जा रहे हैं और अपने फैसले पर कायम हैं। 34 वर्षीय इस विस्फोटक बल्लेबाज ने बताया कि यह निर्णय उन्होंने सोच-समझकर लिया है और इसमें उनके परिवार की बड़ी भूमिका रही है।पिछले साल जून में क्लासेन ने दक्षिण अफ्रीका के केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। इसके बाद से वह दुनिया भर की टी20 लीग्स में खेलते नजर आ रहे हैं, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद के लिए उनका प्रदर्शन खासा चर्चित रहा है।हाल ही में आईपीएल के एक वीडियो में



क्लासेन अपने साथी नीतीश कुमार रेड्डी से बातचीत करते नजर आए, जहां उन्होंने अपने इस फैसले पर खुलकर बात की। क्लासेन ने कहा, 'मैंने दो सप्ताह तक इसके बारे में सोचा लेकिन फिर फैसला लिया कि वापसी नहीं करनी है।' उन्होंने आगे बताया कि परिवार उनके इस फैसले का सबसे बड़ा कारण है। हालांकि, एक समय ऐसा भी आया जब उन्हें दोबारा देश के लिए खेलने का मन हुआ।'मेरे परिवार की इसमें बड़ी भूमिका है। मेरे दोस्त जब टी20 विश्व कप में अच्छा खेल रहे थे तो मुझे लग रहा था कि मैं क्यों उनके साथ नहीं हूं। मैं वापसी करना चाहता था।'क्लासेन ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने इस बारे में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान एडेन मार्करम से बात की थी। उन्होंने कहा, 'मैंने एडेन से बात भी की। उसने कहा था कि अगर उसे टीम में शामिल किया गया तो मैं जरूर वापसी करूंगा, लेकिन विश्व कप के बाद मुझे लगा कि ऐसा नहीं होगा। इसलिए मैं वापसी नहीं कर रहा।' क्लासेन ने 2024 में ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था और इसके बाद सीमित ओवर फॉर्मेट से भी दूरी बना ली। अब वह पूरी तरह से फ्रेंचाइजी क्रिकेट पर फोकस कर रहे हैं।

# CSK vs PBKS: पंजाब का आईपीएल में दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज,2022 के बाद चेन्नई लगातार दो ओपनिंग मैच हारी







पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हरा दिया। सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम ने 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पांच विकेट से हराकर लगातार आईपीएल 2026 का दूसरा मुकाबला जीत लिया। वहीं, सीएसके लगातार दूसरे मैच में हार गई। शुक्रवार को चेपॉक में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई ने आयुष म्हात्रे (73) और शिवम दुबे (45*) की दमदार पारियों की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। आईपीएल इतिहास में यह पंजाब किंग्स का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज रहा। इससे पहले टीम ने पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 262 रनों का लक्ष्य आसानी से हासिल किया था। वहीं, चेन्नई 2022 के बाद लगातार दूसरा ओपनिंग मैच हारी है। 210 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की तरफ से कप्तान श्रेयस अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, प्रियांश आर्या ने 39 रनों की आतिशी पारी खेली। पंजाब की शुरुआत दमदार रही। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 4.2 ओवर में 61 रन जोड़े। प्रियांश ने सिर्फ 11 गेंदों का सामना करते हुए 354 के स्ट्राइक रेट से 39 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान तीन चौके और चार छक्के लगाए। वहीं, प्रभसिमरन ने 34 गेंदों में 43 रन बनाए। कूपर कोनोली ने 22 गेंदों में छह चौकों की मदद से 36 रन बनाए। हालांकि, नेहल वढेरा ने अपने प्रदर्शन से निराश किया और वह 10 रन बनाकर मैट हेनरी का शिकार बनेकप्तान श्रेयस अय्यर एक छोर संभालकर खड़े रहे और उन्होंने इस सीजन का पहला अर्धशतक लगाया। अय्यर 29 गेंदों में 50 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी में अय्यर ने 4 चौके और 3 छक्के लगाए। अय्यर के आउट होने के बाद शशांक सिंह और मार्कस स्टोइनिस ने पंजाब किंग्स को कोई और झटका नहीं लगने दिया। शशांक छह गेंदों में 14 और स्टोइनिस तीन गेंदों में नौ रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाकर लौटे। गेंदबाजी में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से मैट हेनरी और अंशुल कंबोज ने दो-दो विकेट निकाले इससे पहले टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 209 रन बनाए। संजू सैमसन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और महज सात रन बनाकर आउट हुए।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612
















